ग्रामीण विकास के लिए सुल्तानपुर जिले को आबंटित धनराशि

687. **श्रीमती मालती शर्मा:** क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1995-96 और 1996-97 के दौरान उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में ग्रामीण विकास के लिए योजना-वार कुल कितनी धनराशि आबंटित की गई है;

(ख) उपरोक्त धनराशि का किन-किन योजनाओं और उद्देश्यों के लिए ब्लाक-वार उपयोग किया गया है;

(ग) कूरेभार ब्लाक के लिए आबंटित धनराशि और पूरे किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(घ) कूरेभार ब्लाक को गांधी ब्लाक और सेवर चमुरखा ग्राम सभा को गांधी ग्राम घोषित न किए जाने के क्या कारण हैं; और

(ङ) इस प्रकार की घोषणा कब तक कर दी जाएगी?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चन्द्रदेव प्रसाद वर्मा): (क) प्रमुख योजनाओं के संबंध में सुलतानपुर को 1995-96 और 1996-97 के लिए आबंटित राशि के ब्यौरे निम्नलिखित हैं:—

योजनाएं	आबंटित राशि (लाख रुपये में)	
	1995-96	1996-97
जवाहर रोजगार योजना*	794.89	774.51
सुनिश्चित रोजगार योजना*	400.00	340.00
समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम*	491.46	491.46
राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एन०एस०ए०पी०)**	194.43 ***	105.28

* में राज्य आबंटन शामिल है

** 15 अगस्त, 1995 से कार्यान्वित योजनाएं

*** रिलिज की गई राशि

उपर्युक्त के अलावा, अन्य प्रमुख योजना अर्थात "त्वरित ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम" भी सुलतानपुर जिले में कार्यान्वित किया जा रहा है परन्तु इस योजना के अन्तर्गत जिलावार आबंटन नहीं किया गया है।

(ख) जवाहर रोजगार योजना सुनिश्चित रोजगार योजना, समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम, त्वरित ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम आदि प्रमुख कार्यक्रमों का कार्यान्वियन किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य मजदूरी रोजगार स्रोजगार, स्वच्छ पेयजल सुविधा प्रदान करना तथा वृहत दीन-हीनों का आजीविका कमाने वाले प्रमुख व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके आश्रितों तथा गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले गरीब परिवारों की गर्भवती महिलाओं को सामाजिक सहायता उपलब्ध करवाना है।

(ग) खण्डवार सूचना को केन्द्र स्तर पर निगरानी नहीं की जाती है।

(घ) और (ङ) देश में केवल 125 अत्यधिक पिछड़े और अल्प विकसित विकास खण्डों को गांधी खण्ड घोषित किया गया था। कूरेभार विकास खण्ड इन 125 विकास खण्डों में शामिल नहीं किया गया था। इसके अलावा, किसी भी ग्राम सभा को गांधी ग्राम घोषित करने की कोई योजना केन्द्र के पास नहीं है।

Monitoring of Employment Schemes

688. SHRI RAM GOPAL YADAV: Will the Minister of RURAL AREAS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether there is any unit for monitoring the employment schemes sponsored and financed by the Central Government; and

(b) if so, whether any report about their performance is prepared annually?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL AREAS (SHRI CHANDRADEO PRASAD VERMA): (a) and (b) The monitoring mechanism for the employment schemes sponsored and financed by the Central Government consist, *inter-alia*, of obtaining periodical progress reports/returns financial returns/ audit reports, intensive field inspections, reviews and monitoring by committees and by senior officers with the State Secretaries, Commissioners etc. Various programmes including employment schemes are also concurrently evaluated from time to time.

406/95-7B